Dainik Bhaskar (Indore), 26th August 2026, Page – 06

आईआईटी इंदौर ने ओपन मार्केट में जारी की 134 नई टेक्नोलॉजी

कोई भी आइडिया लेकर शुरू कर सकता है बिजनेस

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर के इन्क्यूबेशन सेंटर दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन ने पहली बार सेंट्रल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट के साथ मिलकर 134 विकसित तकनीकों को ओपन मार्केट में उपलब्ध कराया है। इसक आइडिया कोई भी स्टार्टअप, एमएसएमई अपनाकर व्यवसाय शुरू कर सकता है। इसके लिए आईआईटी इंदौर का इन्क्यूबेशन सेंटर तकनीक के विकास से लेकर कमर्शियलाइजेशन तक सहयोग करेगा। साथ ही अस्पतालों से जुड़ी समस्याओं पर आधारित प्रॉब्लम स्टेटमेंट भी जारी किए हैं, जिस पर कोई भी नवाचारक या स्टार्टअप समाधान के रूप में अपनी तकनीक विकसित या पेश कर सकते हैं।

यह नया स्टार्टअप चैलेंज-तरंग एक एक्सीलेटर प्रोग्राम है, जिसके लिए आईआईटी इंदौर के सीपीएस फाउंडेशन ने करीब 16 प्रॉब्लम स्टेटमेंट और लगभग 134 ऐसी टेक्नोलॉजी की जानकारी प्रकाशित की है, जो अलग-अलग स्तर पर अटकी हुई हैं। आवेदक इन दोनों में से किसी भी को चुनकर उस पर काम कर सकते हैं। सभी टेक्नोलॉजी हार्डवेयर के रूप में हैं और टीआरएल 6 से ऊपर के रिसर्च पर आधारित हैं।

इन टेक्नोलॉजी को व्यावसायिक रूप में सफल बनाने के लिए टीम ने देशभर के स्टार्टअप, एमएसएमई, रिसर्चर नवाचारकों से आवेदन मांगे हैं। इसमें जो टेक्नोलॉजी विकसित की जा चुकी है, वो कई अलग-अलग क्षेत्र से जुड़ी है। उदाहरण के लिए डिजिटल हेल्थ केयर, रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन, स्मार्ट सिस्टम एंड इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी, जियो स्पेशियल और प्रेसीजन एग्रीकल्चर, शिक्षा और लर्निंग, आर्टिफिशियल रियलिटी, मेटैवर्स आदि।

एक करोड़ तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी : चुने जाने वाले आवेदकों को एक करोड़ रुपए तक की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। इसके साथ ही तकनीक विकसित करने और उसके कर्मशिलाइजेशन में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा।